# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Writ Petition No. 8121/2026

Shrimati Ghisi Devi Meena W/o Shri Badriprasad Meena

----Petitioner

Versus

Jagdish S/o Late Shri Ramswaroop

----Respondent

Connected With

S.B. Civil Writ Petition No. 8026/2026

Rahul Meena S/o Shri Girdhari Lal

----Petitioner

Versus

Jagdish S/o Late Shri Ramswaroop

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. S.S. Hora with<br>Mr. Ishaan Khandelwal &<br>Mr. Tarachand Sharma |
| For Respondent(s) | : | Mr. Dinesh Pareek for resp. No.1<br>Mr. Tapeshwar Pal Singh for resp.no.2 |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE VINOD KUMAR BHARWANI**

**Order**

**20/05/2026**

याचीगण की ओर से यह दीवानी रिट याचिका भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 एवं 227 के तहत न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा अपील डिक्री/टी0ए0/3019/2025/जयपुर, उनवानी प्रकरण–जगदीश बनाम राहुल मीना एवं अन्य में पारित आक्षेपित निर्णय/आदेश दिनांक 22.04.2026 के विरूद्ध पेश की गई है, जिसके द्वारा अयाची/अपीलार्थी की अपील स्वीकार कर अपीलीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 01.04.2025 एवं विचारण/अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं प्राथमिक डिक्री दिनांक 01.08.2024 एवं आदेश दिनांक 22.08.2024 निरस्त किए गए हैं।

दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत तर्कों–वितर्कों पर सुना गया, आक्षेपित आदेशों एवं संपूर्ण पत्रावली का अवलोकन किया। दोनों पक्षों के योग्य अधिवक्तागण द्वारा दिए गए तर्कों, प्रकरण के तथ्यों एवं समस्त परिस्थितियों को देखते हुए राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा अपील डिक्री/टी0ए0/3019/2025/जयपुर, उनवानी प्रकरण–जगदीश बनाम राहुल मीना एवं अन्य में पारित आक्षेपित निर्णय/आदेश दिनांक 22.04.2026 की क्रियान्विति एवं प्रभाव को आगामी नियत तिथि तक स्थगित किया जाता है।

पत्रावली छह सप्ताह बाद सूचीबद्ध की जावे।

(VINOD KUMAR BHARWANI),J

84/MANOJ ADWANI/83-84